Roll No. ……………………..

# MAHD–02

आधुनिक काव्य

M. A. Hindi (MAHD–10)

First Year, Examination, 2017

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 60**

नोट : यह प्रश्न पत्र साठ (60) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

## खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

1. निम्नलिखित में से किन्हीं दो की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिये : प्रत्येक 5

(क) ओ दीर्घकाय!
ओ पूरे झारखण्ड के अग्रज,
तात, सखा, गुरु, आश्रय,
त्राता महच्छाय,
ओ व्याकुल मुखरित वन-ध्वनियों के
वृन्दगान के मूर्त रूप,
मैं तुझे सुनूँ,
देखूँ, ध्याऊँ

अनिमेष, स्तब्ध, संयत, संयुत, निर्वाक्
कहाँ साहस पाऊँ।

(ख) रात मेरी रात का शृंगार मेरा
आज आधे विश्व से अभिसार मेरा
तुम मुझे अधिकार अधरों पर दिए हो;
प्राण कह दो आज तुम मेरे लिए हो।

(ग) उज्ज्वल वरदान चेतना का
सौंदर्य जिसे सब कहते हैं,
जिसमें अनंत अभिलाषा के
सपने सब जगते रहते हैं।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिये : प्रत्येक 10

(क) "निराला का काव्य ओज और औदात्य से परिपूर्ण है।" इस कथन की सोदाहरण पुष्टि कीजिये।

(ख) 'नागार्जुन की कविता में व्यंग्य' शीर्षक से आलोचनात्मक आलेख लिखिये तथा संदर्भित उदाहरण दीजिये।

(ग) 'सुमित्रानंदन पंत प्रकृति के चितेरे कवि हैं।' इस कथन की युक्तियुक्त समीक्षा कीजिये।

(घ) 'अज्ञेय' की काव्यकला पर प्रकाश डालिये।

## खण्ड–ख

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए पाँच (05) अंक निर्धारित हैं।

शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. अज्ञेय वैयक्तिकता के कवि हैं या सामाजिकता के ? संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये।
2. रघुवीर सहाय की कविता के मूल स्वरों का उद्‌घाटन कीजिये।
3. हरिवंशराय बच्चन के काव्य के अनुभूति पक्ष पर प्रभाव डालिये।
4. "दिनकर का काव्य राष्ट्रीयता से ओत-प्रोत है।" इस कथन की युक्तियुक्त समीक्षा कीजिये।
5. नरेन्द्र शर्मा के काव्य की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिये।
6. नागार्जुन की भाषा पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये।
7. श्रद्धा का सौन्दर्य वर्णन।
8. महादेवी की कविताओं पर बौद्ध दर्शन का प्रभाव।

## खण्ड–ग

## (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

सत्य/असत्य का चुनाव कीजिये :

1. 'राम की शक्तिपूजा' जयशंकर प्रसाद ने लिखी है।
2. 'साये में धूप' दुष्यंत कुमार की रचना है।
3. 'मधुर मधुर मेरे दीपक जल' कविता की रचना महादेवी वर्मा ने की।
4. 'कुरुक्षेत्र' पंत की रचना है।
5. 'परिवर्तन' कविता के रचनाकार निराला हैं।

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये :

6. हालावाद के प्रवर्तक ............... हैं।

(हरिवंशराय बच्चन / नरेन्द्र शर्मा / महादेवी वर्मा)

7. 'कालिदास सच-सच बतलाना' कविता के रचयिता ............... हैं।

(अज्ञेय / मुक्तिबोध / नागार्जुन)

8. 'एक भारतीय आत्मा' के नाम से जाने जाते हैं ........... ।

(पंत / प्रसाद / माखनलाल चतुर्वेदी)

9. 'जुही की कली' की रचना ............. ने की।

(महादेवी वर्मा / नरेन्द्र शर्मा / निराला)

10. नागार्जुन का पूरा नाम ............... है।

(विश्वनाथ / महेश्वर मिश्र / वैद्यनाथ मिश्र)